Dainik Savera Times 2-6-26

चंडीगढ़

लीजागरां ◆ किशनगढ़ ◆ बहलाना ◆ रायपुरखुर्द ◆ मक्खन माजरा ◆ रायपुर कलां ◆ खुड्डा

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर सोशल वर्कर संजीव राणा ने युवाओं को दिया नशामुक्त भारत का संदेश

सवेरा न्यूज/ राकेश

चंडीगढ़, 1 जूनः विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में जीजीडीएसडी कॉलेज, के एनएसएस सेल, वाडा क्लब एवं एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा जनरेशन सेवियर एसोसिएशन (जीएसए), मोहाली के सहयोग से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को तंबाकू एवं नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

कर्तव्यनिष्ठ युवा के संस्थापक संजीव राणा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए।

इस अवसर पर समाजसेवी, कर्तव्यनिष्ठ युवा के संस्थापक एवं एक ईंट शहीद के नाम अभियान के संयोजक संजीव राणा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या का समाधान तभी संभव है जब समाज स्वयं इसकी जड़ों तक पहुंचे और इसके विरुद्ध जन आंदोलन खड़ा करे। संजीव राणा ने कहा कि आज हम नशे के रूप में एक बारूद के ढेर पर बैठे हैं। चुनौती बड़ी है, लेकिन हमारा विश्वास उससे भी बड़ा है। यदि समाज, युवा शक्ति और शैक्षणिक संस्थान एकजुट होकर आगे आएं तो हम इस बारूद को रंगों में बदल सकते हैं, युवाओं को खेल, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण से जोड़ सकते हैं तथा नशामुक्त और देशभक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य प्रीत कमल के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर डॉ. निधि चौधरी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती मनप्रीत कौर, परगत सिंह, जनरेशन सेवियर एसोसिएशन की निदेशक ओपिंदर प्रीत कौर गिल तथा बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान तंबाकू नियंत्रण अभियान एवं जागरूकता पत्रिका का विमोचन किया गया। साथ ही तंबाकू नियंत्रण अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने वाले युवा स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

Punjab Kesari 2-6-26

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर युवाओं को दिया नशामुक्त भारत का संदेश

चंडीगढ़, 1 जून (आशीष) : विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में सैक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दता सनातन धर्म कॉलेज के एन.एस.एस. सैल, वाडा क्लब एवं एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा जनरेशन सेवियर एसोसिएशन मोहाली के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाजसेवी, कर्त्तव्यनिष्ठ युवा के संस्थापक एवं 'एक ईंट शहीद के नाम' अभियान के संयोजक संजीव राणा ने विद्यार्थियों से कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या का समाधान तभी संभव है, जब समाज स्वयं इसकी जड़ों तक पहुंचे और इसके विरुद्ध जन आंदोलन खड़ा करे।

संजीव राणा ने कहा हम नशे के रूप में एक बारूद के ढेर पर बैठे हैं। चुनौती बड़ी है, लेकिन विश्वास उससे भी बड़ा है। यदि समाज, युवा शक्ति और शैक्षणिक संस्थान एकजुट होकर आगे आएं तो बारूद को रंगों में बदल सकते हैं। युवाओं को खेल, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण से जोड़ सकते हैं तथा नशामुक्त और देशभक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि भारत का भविष्य युवा शक्ति के हाथों में है और युवा यदि सही दिशा में आगे बढ़ेंगे तो देश निश्चित रूप से नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।